न्यायालय

उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर घाटोल जिला बाँसवाड़ा (राज.)

(पीठासीन अधिकारी – अंकित सामरिया, आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या - 2025 / 8 दर्ज दिनांक 03.04.2025
GCMS - 2025/16

उनवान

01 श्रीमती शांतिदेवी पत्नी श्री पंकज बरोड़ीया जाति तेली निवासी बांसवाडा जिला बांसवाडा (राज.)।

प्रार्थी

बनाम

02. श्रीमान् भूमिधारी जरिये तहसीलदार घाटोल जिला बांसवाडा (राज.)।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा –136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– 01. श्री जयेन्द्र पुरोहित (अधिवक्ता प्रार्थी)
02. पैरोकार सरकार

–:: निर्णय ::–

निर्णय दिनांकः–07.05.2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र दिनांक 05.03.2024 को पेश कर निवेदन किया कि वाके ग्राम सेनावासा पटवार हल्का सेनावासा तहसील घाटोल मे स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 892 नई 365 पुरानी खसरा नं. 1254 व 1259 कुल रकबा 0.4300हैक्ट. संयुक्त स्वामित्व की आराजियात है। प्रार्थीया का नाम राजस्व रेकॉर्ड में पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण संख्या 1431 दिनांक 12.09.2024 से दर्ज हुआ। वक्त नामांतरण प्रार्थीया के पति का नाम पंकज बरोदिया दर्ज किया गया जो पंजीकृत विक्रय पत्र में पंकज बरोडीया टंकित है। अतः राजस्व अभिलेख में टंकणीय त्रुटि को दुरस्त करवाने का आदेश फरमाऍ।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को वास्ते जबाव तलब किया गया अप्रार्थी द्वारा अपने जबाव में टंकणीय गलती होना स्वीकार किया तथा शुद्ध किया जाना उचित बताया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो यथा पंजीकृत विक्रय पत्र, आधार कार्ड, जमाबंदी (संवत् 2074–77) का अवलोकन करने से टंकणीय गलती होना प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है।

–:: आदेश ::–

तहसीलदार घाटोल को यह आदेश दिया जाता है कि वाके ग्राम सेनावासा, पटवार हल्का सेनावासा तहसील घाटोल में स्थित प्रार्थीया की कृषि भूमि खाता संख्या 892 नई 365 पुरानी के खसरा नं. 1254 एवं 1259 में प्रार्थीया के पति का नाम पंकज बरोदिया के स्थान पर पंकज बरोडीया राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज किया जाये। इस आशय बाबत् तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 07.05.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अंकित सामरिया, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलेक्टर घाटोल
जिला बांसवाडा (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
घाटोल